जेबीटी भर्ती : 293 पदों की आवेदन प्रक्रिया निरस्त

जागरण संवाददाता, चंडीगढ़ : जूनियर बेसिक टीचर (जेबीटी) भर्ती के लिए शिक्षा विभाग ने दोबारा विज्ञापन कर आवेदन प्रक्रिया शुरु की है। विभाग ने पहले 10 अगस्त 2023 को 293 जेबीटी पदों पर भर्ती प्रक्रिया की थी, जिसे अब संशोधित कर 396 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरु की है। भर्ती के लिए आवेदक 24 दोपहर 11 बजे से जनवरी से 19 फरवरी शाम पांच बजे तक आनलाइन आवेदन कर सकेंगे। पुरानी भर्ती को निरस्त करने का निर्णय विभाग ने कानूनी सलाह के बाद लिया है। विभाग ने 10 अगस्त 2023 से भर्ती प्रक्रिया शुरु की थी जिसमें शैक्षणिक योग्यता डिप्लोमा इन ऐलिमेंट्री एजुकेशन के साथ बीएड को मान्य कर दिया था। यह शैक्षणिक योग्यता वर्ष 2018 में नेशनल काउंसिल फार टीचर एजुकेशन (एनसीईटी) के निर्देशानुसार तय की गई थी। भर्ती प्रक्रिया शुरू होने के एक दिन बाद 11 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने शैक्षणिक योग्यता पर फैसला देते हुए जेबीटी भर्ती में बीएड को अमान्य करार कर दिया। विभाग ने आवेदन प्रक्रिया पूरी की जिसके बाद शैक्षणिक योग्यता को लेकर असमंजस थी। जेबीटी भर्ती में बीएड कब से अमान्य होगी, इसका स्पष्टीकरण पाने के लिए पहले बिहार व छत्तीसगढ़ और अंत में चंडीगढ़ शिक्षा विभाग ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई। तीन माह से सुनवाई न होने से विभाग ने पुरानी भर्ती को रद कर दोबारा से भर्ती करने का निर्णय लिया है।

अब दोबारा होंगे आवेदन

- **अब नए सिरे से 396 पदों पर होगी भर्ती, 24 जनवरी से 19 फरवरी तक होंगे आवेदन**
- **पहले 293 पदों के लिए पहुंचे थे 25 हजार से ज्यादा आवेदन पत्र**
- **पुरानी भर्ती की आवेदन रजिस्ट्रेशन फीस को किया जाएगा वापस**

विभाग में शिक्षकों की कमी है जिसे देखते हुए सुप्रीम कोर्ट के फैसला के आदेश का इंतजार नहीं किया गया है। पुरानी भर्ती की रजिस्ट्रेशन फीस वापिस की जाएगी। नई भर्ती के लिए 24 जनवरी से 19 फरवरी तक आवेदन होगा और 22 तक रजिस्ट्रेशन फीस भरी जाएगी। आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद लिखित परीक्षा की तारीख जारी होगी।

– **हरसुहिंदरपाल सिंह बराड़**, निदेशक स्कूल शिक्षा विभाग ।

भर्ती के लिए डीएड वाले ही कर सकेंगे आवेदन

शिक्षा विभाग की तरफ से दोबारा भर्ती करने पर पहले अगस्त में हुई आवेदन प्रक्रिया की रजिस्ट्रेशन फीस वापस करने का निर्णय लिया है। अगस्त में हुई आवेदन प्रक्रिया में 293 पदों के लिए 25 हजार से ज्यादा आवेदन प्राप्त हुए थे। विभागीय जानकारों के अनुसार आवेदक ने जिस खाते से रजिस्ट्रेशन फीस दी थी वह उसी में वापिस की जा रही है। यदि किसी आवेदक को रजिस्ट्रेशन फीस पाने में दिक्कत आती है तो वह भर्ती कर रही एजेंसी से ईमेल के जरिए संपर्क कर सकता है। इसी प्रकार से नई भर्ती में सिर्फ डीएड ही मान्य होगा। इस बार आवेदन में बीएड करने वाले युवा आवेदन नहीं कर सकेंगे।